**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र से किया मुक्त

**कटनी।** वर्तमान में प्रारंभ हो चुकी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा म.प्र. पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के विकासखण्ड रीठी, बहोरीबंद के ग्रामीण क्षेत्रों को एवं नगरीय, शहरी क्षेत्रों को नवीन नलकूप खनन को उक्त प्रतिबंध से मुक्त कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उल्लेखनीय है कि जनहित में पेयजल एवं अन्य निस्तार समस्याओं को देखते हुए जनता को पेयजल प्रदाय बनाये रखने एवं बढ़ाने के लिए पेयजल का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए तथा जानता की आवश्यकता की पूर्ति के लिए 28 मार्च 2024 को आदेश जारी कर संपूर्ण जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। तदोपरांत 11 जून को एक अन्य आदेश के माध्यम से विकासखण्ड कटनी, वियजराघवगढ़ बड़वारा एवं ढीमरखेडा को जल अभावग्रस्त क्षेत्र से मुक्त करते हुए शेष विकासखण्ड रीठी बहोरीबंद एवं नगरीय निकाय, शहरी क्षेत्र जल अभावग्रस्त क्षेत्र यथावत रखा गया था। चूंकि वर्तमान में वर्षा प्रारंभ हो चुकी है अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विकासखण्ड रीठी बहोरीबंद एवं नगरीय निकाय शहरी क्षेत्रों को भी जल अभावग्रस्त क्षेत्र से मुक्त कर दिया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर मार्ग किया दुरूस्त

**कटनी।** जर्जर मार्ग के चलते आवागमन में ग्रामीणों को हो रही असुविधा की जानकारी संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर सुधार कार्य कराया गया, जिससे ग्रामीणों को सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध हो सके। विजयराघवगढ़ से ग्राम जिजनौडी तक सडक निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा सड़क में मिट्टी डालकर काम को बंद कर दिये जाने जानें के कारण आवागमन में हो रही असुविधा के संबंध में एक शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर श्री प्रसाद से की थी। जिसकी तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए थे। शिकायत की जांच में पाया गया कि उक्त मार्ग में सलेक्टेड मिट्टी की स्प्रेडिंग ग्रेडर से कर दी गई है तथा रोलिंग का कार्य भी पूर्ण हो जाने के कारण मार्ग को आवागमन के लिए सुविधाजनक बना दिया गया है।

## 3 दिवस मे क्षतिग्रस्त पुलिया का सुधार कराये

**कटनी।** विकासखंड ढीमरखेड़ा अंतर्गत बंधी धरवारा पोनिया निवार मार्ग पर निर्मित पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित होने संबंधी शिकायत को संज्ञान मे लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक को स्थल निरीक्षण कर उक्त संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशों के परिपालन मे महाप्रबंधक उमेश कुमार साहू द्वारा सहायक प्रबंधक एस.के चतुर्वेदी, एएएपी कंसलटेंसी के एआरई महेन्द्र जडिया के साथ स्थल का सामूहिक निरीक्षण के दौरान पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित पाया गया। जिस पर ठेकेदार मेसर्स आर.के.कंस्ट्रक्शन जबलपुर को 3 दिवस में पुलिया का सुधार कार्य करते हुए कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण और शमन के लिए जिला स्तर पर की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक शुक्रवार 28 जून को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदौरा के पास हुआ हादसा, गंभीर को किया रेफर

# ओवरलोड अनियंत्रित ऑटो पलटा, 12 लोग हुए घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तिपहिया वाहन चालक क्षमता से चार गुना अधिक सवारी बैठा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन ओवरलोड वाहन पर पुलिस और यातायात कर्मचारियों की नजर नहीं पड़ रही है। ओवरलोडिंग की वजह से आये दिन हादसे होते रहते हैं। कार्यवाही नहीं होने के चलते वाहन चालक पूरी तरह बेखौफ होकर यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

इसी क्रम में बड़वारा थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ऑटो रिक्शा में सवार में 12 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बड़वारा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने सूचना पर ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा सवारियों को बैठाकर मझगवां की ओर जा रहा था। इसी दौरान भदौरा गांव के पास ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण ऑटो में सवार करीब 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को बड़वारा स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

### हादसे में ये हुए घायल

हादसे में ऑटो में सवार सीता राम गुप्ता 64, रेशमा पिता कमलेश बर्मन 27, लक्ष्मी पति दयाराम चौधरी 42, बबीता बाई पति कमलेश 45, उमेश पिता संतराम यादव 25 और प्रहलाद पिता बलराम यादव 18 सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेपरवाही से चालको की मनमानी

गौरतलब है कि आटो सहित मालवाहक वाहनों में नियमों को दरकिनार कर ओवरलोड सवारियां ढोई जा रही हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के नजारे आम हैं। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं जिसमें कई जाने भी जा चुकी है बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मनमानी चल रही है। शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र आटो एवे लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। कई बार तो ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजर जाते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। इन ओवर लोड वाहनों पर न तो यातायात विभाग के ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही पुलिस इस ओर कोई ध्यान दे रही है।



## प्राचीन हनुमान ताल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम बड़वारा के प्राचीन हनुमान ताल तालाब में जल संरक्षण एवं पर्यटन की सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने हनुमान ताल तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रबंध संचालक को भेजे गए पत्र में उल्लेखित किया है कि प्राचीन हनुमान ताल तालाब का निर्माण सन 1821 में किया गया था। यह एक प्राचीन पर्यटन स्थल है। जिसमें क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी है। विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने भी हनुमान ताल तालाब में पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने कलेक्टर श्री प्रसाद को पत्र लिखा है।

हनुमान तालाब में उचित सुविधाएं न होने के कारण क्षेत्रीय नागरिकों सहित पर्यटकों को यहां असुविधा का सामना करना पडता है। पर्यटन की दृष्टि हनुमान तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण सहित जाली, पेवर ब्लाक पथ, प्रकाश एवं बैठक व्यवस्था, मुण्डन स्थल, यज्ञ स्थल, सामुदायिक भवन, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, दो दुकानों का निर्माण, मुख्य द्वार एवं मंदिर परिसर मे प्रवेश द्वार सहित वाहन पार्किंग की व्यवस्था कार्य करा दिये जाने से क्षेत्र एक अच्छा पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो सकेगा जो वहां के आसपास के लोगों के लिए रोजगार क्षेत्र का विकास एवं राजस्व वृद्धि मे सहायक होगा।

*स्कूल पहुंचकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, किया संवाद*

## अपराधों से बचने एवं यातायात नियमों का पालन करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपराधों एवं बदमाशों के चंगुल से बचने के लिए पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। सुबह स्कूल जाकर वैन, ऑटो रिक्शा से स्कूल आने जाने वाले बच्चों को बताया कि बिना जान पहचान वाले व्यक्तियों के साथ कहीं ना जाएं, उनकी दी हुई चॉकलेट, आइसक्रीम अन्य कोई खाद्य पदार्थ न खाएं। कोई भी समस्या आने पर अपने शिक्षक या परिजनों को तुरंत सूचना दें। सब साथ मिलकर अपराध का विरोध करने की अपील की।

### तत्काल करें शिकायत

उन्होंने बताया किसी भी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराध की रोकथाम व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। यह बात छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कही। स्कूल जाते हुए छत्रों को सतर्कता व अपराध के प्रति विरोध के लिए जागरूकता के संबंध में बात की व पुलिस की अपराधों के खिलाफ की जाने वाली कार्य प्रणाली से अवगत कराया।



### नियमों का करें पालन

क्षेत्र में पुलिस द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक किए जाने का अभियान चलाया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन आदि की जानकारी देते हुए बच्चों को जागरूक किया। सड़कों पर रोज-रोज बढ़ रहीं दुर्घटनाओं को देखते हुए छात्र-छात्राओं से वाहन चलाते समय खुद और अपने परिवार वालों को हेलमेट का उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं से अपने परिवार वालों को सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं से बचाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी के झांसे में न आने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी से इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई सवाल भी कर उनके उत्तर प्राप्त किए।

## जन्म मृत्यु पोर्टल संचालन के संबंध में हुआ प्रशिक्षण



महारजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली द्वारा (जन्म-मृत्यु) पंजीयन के कार्य को सरलता एवं सुगमता से किये जाने हेतु 27 मई को मप्र राज्य में नवीन पोर्टल को लांच किया गया है जिला योजना अधिकारी कटनी पवन कुमार अहिरवार द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार जिले की पंजीयन इकाईयों को नवीन पोर्टल पर कार्य करने में उत्पन्न हो रही तकनीकी कठिनाइयों को दृष्टिगत जिले के नगरीय पंजीयन इकाईयों का प्रथम चरण में अर्द्धदिवसीय प्रशिक्षण 27 जून दोपहर 12.00 बजे से 04.00 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एन.के.जे. कटनी में आयोजित हुआ। जिसमें जनगणना कार्य निदेशालय से मास्टर ट्रेनर प्रदीप उइके, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-01, मिलन गुप्ता, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-02 एवं योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से मनीष कुमार सिंह, खण्ड स्तर अन्वेषक द्वारा जन्म-मृत्यु अधिनियम 1969 के विषय में एवं नवीन पोर्टल dc.crsorgi.gov.in में पंजीयन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

## 61 हजार रूपए की मदिरा की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

आबकारी अधिकारी आर.के.बघेल ने बताया कि बुधवार 26 जून को आबकारी वृत्त विजयराघगढ में संयुक्त रूप से दबिश दी जाकर ग्राम शांति नगर, नडेरा, ददौरी, में अवैध रूप से शराब का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही की गई। दबिश की कार्यवाही के दौरान 585 किलोग्राम महुआ लाहन, 3 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, एवं 21 पाव देशी मदिरा, को मौके पर जब्त किया जाकर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर मौके पर नष्ट किया गया। जब्त की गई मदिरा तथा लहान का अनुमानित मूल्य लगभग 61 हजार रुपये है। दबिश की कार्यवाही के दौरान कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये।



उपरोक्त कार्यवाही के दौरान उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी सम्मिलित रहे। आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

*अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी*

## लंबित पड़ी शिकायतों का उपस्थित होकर निराकरण कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सीएम हेल्पलाइन की 1000, 500 एवं 50 दिवस एवं ग्रेडिंग माह जून 2024 की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु तिथि एवं समय निर्धारित करते हुए जिले के 12 विभागों के 16 अधिकारियों व एल-1 अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय कलेक्ट्रेट आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक 99 एवं लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागों की लंबित शिकायतों एवं वर्तमान ग्रेडिंग माह जून 2024 की लंबित शिकायतों का निराकरण दर्ज करते हुए संतुष्टि से बंद करने एवं 1000, 500 एवं 50 दिवस को लंबित शिकायतों को कम करने के निर्देश दिए है। लंबित शिकायतों की समीक्षा निर्धारित तिथि एवं समय में कार्यालय कलेक्ट्रेट आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 एवं लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में की जावेगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 1000, 500 एवं 50 दिवस से अधिक समय की लंबित शिकायतों एवं वर्तमान ग्रेडिंग माह की लंबित शिकायतों के निराकरण प्रतिवेदन सहित संबंधित अधिकारियों को स्वयं तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ उपस्थित होकर एल-2, एल-3 स्तर से मान्य एवं अमान्य करने तथा शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराने के निर्देश दिए है। जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को ग्रेडिंग माह, सीपीग्राम तथा 1000, 500 एवं 50 दिवस की बंद शिकायतों की परफार्मेस रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर नें निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में अधीनस्थ की उपस्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं होगी तथा अनुपस्थित होने की दशा में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेंगी।

### इन्हे उपस्थित होने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने शिकायतों के निराकरण हेतु जिन विभागों को निर्देशित किया है उनमें लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के समस्त एल-1 अधिकारी उपयंत्री, खनिज विभाग के समस्त एल-1 अधिकारी खनिज निरीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त एल-1 अधिकारी सीडीपीओ, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ग्रामीण क्षेत्र हेतु समस्त सीईओ जनपद पंचायत, लाड़ली बहना योजना नगरीय क्षेत्र एल-1 अधिकारी खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के समस्त एल-1 कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सीएमएचओ एवं समस्त एल-1 अधिकारी बीएमओ एवं एमएंडडी तथा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एवं एमएंडडी शामिल है।

### प्रोजेक्ट पंख के प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

## ड्रोन प्रशिक्षण से जिले के युवाओं के कैरियर की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, कलेक्टर अवि प्रसाद एवं ज़िला योजना सदस्य दीपक टंडन सोनी की उपस्थिति में प्रोजेक्ट पंख के द्वितीय सत्र अन्तर्गत ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गये।

ज़िले के युवाओं को ड्रोन तकनीक के विभिन्न उपयोगों एवं तकनीकी कौशल का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान कर तकनीक की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ज़िले के नवाचार प्रोजेक्ट पंख के द्वितीय सत्र का शुभारंभ संसद सदस्य, खजुराहो श्री वी.डी.शर्मा जी के द्वारा, विधायक गणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 08 जनवरी 2024 को किया गया। उक्त प्रशिक्षण सत्र में कुल 113 प्रशिक्षणार्थियों को नियमित क्लासरूम प्रशिक्षण के माध्यम से ड्रोन तकनीक की आधारभूत जानकारी, डीजीसीए द्वारा जारी ड्रोन रुल और दिशा निर्देशों का विस्तृत जानकारी, ड्रोन असेंबली और डिस-असेंबली लेवल का लाइव प्रैक्टिकल सेशन, एयरोडायनामिक्स एवं ड्रोन उड़ान के मूलभूत सिद्धांत, ड्रोन की बनावट एवं उसके विभिन्न पाट्‌र्स, ड्रोन की सरंचना, मरम्मत एवं रखरखाव का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही साथ प्रैक्टिकल सेशन में ड्रोन उड्डयन के हैण्ड्सऑन सेशन भी आयोजित कराये गए।



कार्यक्रम में विधायक श्री जायसवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उन्नत तकनीक के इस प्रशिक्षण से युवाओं के कैरियर की राहें आसान हुई हैं और इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर ज़िले के युवा कई अच्छी कंपनियों में नौकरी हासिल कर चुके हैं, जो की हर्ष का विषय है। युवाओं को नौकरी की तलाश में दूसरे शहर ना जाना पड़े और ज़िले में ही कौशल अनुरूप रोज़गार की उपलब्धता हो इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट पंख के प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रोजेक्ट पंख में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों नें बड़ी गंभीरता के साथ ड्रोन तकनीक के सभी पहलुओं का ज्ञान प्रदान किया एवं इसी का परिणाम है कि आज वे इस नई विधा में महारत हासिल कर चुके हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ना केवल तकनीकी कौशल वरन्‌ पर्सनालिटी डेवलपमेंट और जॉब सलेक्शन में भी प्रोजेक्ट पंख की टीम ने काफ़ी मदद की और निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ई गवर्नेंस के ज़िला प्रबंधक सौरभ नामदेव, सहायक प्रबंधक हेमंत चतुर्वेदी, नफ़ीस अहमद एवं बेसिल से प्रशिक्षक चेतना शर्मा, युवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खेती-किसानी पर किसानों को दी समसामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान भाईयों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद के उपयोग के संबंध में सलाह दी गई है। किसानों को बताया गया है कि वर्तमान में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से अधिक हो रहा है, जिससे जमीन की उर्वरा क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। क्योंकि किसानों द्वारा निरंतर अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध के कृषि वैज्ञानिक डा आर पी बेन ने बताया कि डीएपी उर्वरक में फास्फोरस तत्व अधिक मात्रा में होने से फास्फोरस एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है और फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं।

जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसलिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों द्वारा एनपीके उर्वरक का उपयोग करना अच्छा उपाय है। इससे फसलों का उत्पादन अधिक होने के कारण जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके के उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होने और फसल की आवश्यकतानुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है और जमीन में अतिरिक्त तत्वों का संग्रहण भी नहीं होता। साथ ही फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है।

किसान भाइयों द्वारा फसल की उर्वरक पूर्ति के दृष्टिगत डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### भैंसवाही से 63 लीटर देशी शराब की गई जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम भैंसवाही में दबिश देकर एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने बताया कि एसपी के निर्देशन पर दबिश देकर शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि रात में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की विजय कचेर निवासी ग्राम भैंसवाही के अपने घर में बोरियो में 7 कार्टून में सफेद प्लेन शराब अवैध रूप से लाकर बेचने के लिए छुपा रहा है। सूचना पर विजयरघवगढ़ पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी विजय कचेर के क़ब्ज़े से कुल 63 लीटर देशी शराब कीमती 35000 रूपया की जब्त की गई। उक्त शराब को रखने संबंधी में कोई भी बैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए बताया कि उक्त शराब को अवैध रूप से बिक्री के उद्देश्य से रखना बताया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर मामला पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही में रीतेश शर्मा निरीक्षक थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सहायक उप निरीक्षक जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अर्जुन सिंह की भूमिका रही।

### किस्सू तिवारी को सेंट्रल जेल किया गया शिफ्ट

**कटनी।** मोस्ट वांटेड किस्सू उर्फ किशोर तिवारी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गुरुवार को जिला जेल से सेंट्रल जेल जबलपुर भेज दिया गया। जिला जेल में 10 वर्ष तक की सजा पाने वाले बंदी रखे जाते हैं। मंगलवार को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने किस्सू तिवारी को वर्ष 1987 के कोतवाली थाना के राजेंद्र उर्फ डेऊं सिंधी को चूने के भट्टे में फेंककर हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके चलते आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद गुरुवार को उसको कड़ी सुरक्षा के बीच जबलपुर जेल शिफ्ट किया गया। दोपहर 12.30 बजे कोतवाली, माधवनगर सहित पुलिस लाइन के बल के साथ किस्सू को जबलपुर रवाना किया गया और लगभग ढाई बजे उसे पुलिस ने जबलपुर जेल में शिफ्ट करा दिया। जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी ने बताया कि आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद किस्सू तिवारी को जबलपुर जेल शिफ्ट कराया गया है।

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी



**उमरियापान।** पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। हम सभी को इसके लिए जागरूक होना होगा। वृक्षारोपण में समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यह बात बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमतरा एवं भलवारा में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। इस दौरान विधायक सहित जनप्रतिनिधियों व डीएफओ गौरव शर्मा ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, राजा चौरसिया, बसंत चौरसिया, गोविंद सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, अजय सोनी, जितेंद्र अरोरा, जगदीश प्रजापति, राकेश त्रिपाठी, गुड्डू साहू, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### वृद्ध को सांप ने काटा, इलाज दौरान मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बिलहरी चौकी क़े ग्राम रानीपुरा मे खेत में काम करने के दौरान वृद्ध को जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम रानीपुरा में खेत में काम कर रहे रतन पिता कल्याण सिंह 60 को गत शाम लगभग 4:00 बजे खेत में जहरीले सांप ने काट लिया परिजनों ने तुरंत ही वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर शाम इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने दो वाहनों पर की कार्यवाही

# रेत के ओव्हरलोड अवैध परिवहन पर 63 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिवस ओव्हर लोड रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए वाहन से 63 हजार 250 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।



जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 22 दिसंबर को ग्राम नदावन सिजपुरा घाट मे आकस्मिक जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 एबी 3886 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक कौशल विश्वर्मा पिता तुलसी विश्वकर्मा निवासी बुजबुजा तहसील बरही द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में 2 जून 2024 का ग्राम शाधी में जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडसी 3389 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक दिलराज सिंह रघुवंशी पिता ब्रजलाल सिंह रघुवंशी निवासी शाघी तहसील बड़वारा द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जब्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

उक्त दोनों ही प्रकरणों मे सूचना पत्र जारी होने के पश्चात अनावेदकों द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा दोनों अनावेदकों पर निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि कुल 63 हजार 625 रूपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जब्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करने के प्रावधान के अंतर्गत जब्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

## पुलिस की तत्परता से खुदकुशी कर रहे व्यक्ति की बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पारिवारिक कारणों के चलते एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाई एवं समय रहते मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मघाती कदम उठाने से बचा लिया। बताया जाता हैकि माधवनगर थाने में सूचना प्राप्त हुई कि हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, खेरमाता मंदिर के पास, एक व्यक्ति अपने घर में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर तत्परता दिखाते हुए थाना प्रभारी के आदेश पर 100 डायल में तैनात आरक्षक महेश एवं थाने से आरक्षक दिग्विजय को मौके पर तुरंत रवाना किया गया। मौके पर पहुँचने पर, पुलिस ने पाया कि राजकुमार उर्फ कालू बर्मन उम्र 48 वर्ष जो काम के लिए बाहर जाने हेतु अपनी पत्नी से 2000 रुपये मांग रहा था। रुपये न मिलने पर उसने फांसी लगाने की कोशिश की। पुलिस ने राजकुमार को समझाया और स्थिति को शांत किया। आरक्षक महेश और दिग्विजय ने मिलकर उसे 2000 रुपये दिए और उसे फांसी का फंदा खोलने के लिए मनाया। इसके बाद, उसे थाना लाया गया।थाने में लाकर थाना प्रभारी ने राजकुमार से बातचीत समझाइश दी और पुलिस ने पता लगाया कि राजकुमार अक्सर रास्ते में खड़े होकर चिल्लाता और मारपीट पर उतारू रहता है। इन सभी जानकारियों के आधार पर, राजकुमार को ऐसा कार्य दोबारा नहीं के लिए बाउन्ड ओवर करने हेतु एस.डी.एम कटनी के समक्ष पेश पाबंद कराया है।

इस कार्य में अनूप सिंह ठाकुर थाना प्रभारी माधवनगर आरक्षक महेश एवम् दिगगविजय पाण्डेय का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

### फांसी के फंदे में झूल युवक ने की आत्महत्या

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र क़े ग्राम पिलोंजी मे बुधवार देर रात एक युवक ने अज्ञात कारण से घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जानकारी अनुसार ग्राम पिलौंजी निवासी हीरालाल प्रताप लोकली यादव 37 ने बीती देर रात घर पर रही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में बताया कि घर पर युवक अकेला था और अज्ञात कारण से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जा शुरू कर दी।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के कार्यक्रम में बोले अतिथि

# शहर विकास एवं प्रशासन और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं पत्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला सम्मेलन विगत दिवस चौरसिया गार्डन में आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल एवं विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अविप्रसाद, परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकान्त बाजपेई, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, रीवा के संभागीय अध्यक्ष के जी शर्मा एवं पत्रकार गृह निर्माण समिति के प्रमुख सुरेश काम्बले तथा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन,माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।





कार्यक्रम के दौरान विधायक संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार शहर के विकास में एक अहम भूमिका निभाते आए हैं। शहर की समस्याओं की पत्रकारों ने अपने माध्यम से जो आवाज उठाई उसको हल करने के यथासंभव प्रयास किए गए आज इस मंच के माध्यम से मैं यह भी बताना चाहता हूं कि कटनी में पीपीपी मेडिकल कॉलेज की जगह पूर्णतः सरकारी बने इसके लिए भी मेरे द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें मुझे पत्रकारों की सहयोग की अपेक्षा है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच पत्रकार एक महत्वपूर्ण कड़ी है। समाचारों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण समस्याओं की जानकारी अखबारों के माध्यम से मिलती आई है, जिस पर प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान में लेकर समाधान किया जाता रहा है।

राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेई एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी ने भी अपने संबोधन में कहा कि आजादी के 75 साल से पत्रकार देश के विकास में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं लेकिन सरकार ने आज तक पत्रकारों के लिए ना तो कोई सुविधा दी है और ना ही सुरक्षा के लिए कोई कानून बनाया है आज जरूरी है सरकार पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू करे साथ ही अधिमान्यता की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जावे।

जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने वर्तमान परिदृश्य में पत्रकारिता के गिरते स्तर के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पत्रकारिता को चौथे स्तंभ कहा जाता है तो हमें पूरी ईमानदारी से सच को सामने लाकर अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा।

## हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन



चंडिका नगर स्थित मां चंडीका देवी का 17वां स्थापना दिवस के अवसर पर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। हर वर्ष की तरह मां चंडीका का स्थापना दिवस बड़े धूम धाम एवं श्रद्धांभाव से मनाया गया। तीन दिनी आयोजन के पहले दिन विशाल कलश शोभा यात्रा निकली गई जिसका समापन मंदिर मे किया गया। दूसरे दिन मंदिर परिसर मे अखंड रामचरित मानस का पाठ मानस मण्डल द्वारा किया गया जिसका समापन आयोजन के अंतिम दिन किया गया। तीन दिनी धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता निभाई एवं पुण्य लाभ अर्जित किया।

# राष्ट्रीय उपलब्धि अर्जित करने पर प्रखर, अथर्व का शतरंज संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला शतरंज संघ कार्यालय मंगलम मेनोर में संघ के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें गत दिनों ग्वालियर में आयोजित हुई अंडर -19 प्रतियोगिता में कटनी के मास्टर प्रखर बजाज ने द्वितीय स्थान एवं मास्टर अथर्व पल्टा ने अंडर -13 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्टीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया था इस उपलब्धि पर बैठक में दोनों का भावभीना सम्मान किया गया। कटनी जिले का नाम शतरंज के खेल में इन विद्यार्थी खिलाडियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऊंचाइयों तक पहुंचाया है उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उनकी सफलता का क्रम आगे भी गतिशील रहने का स्नेह आशीष संघ की ओर से दिया गया



बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई को अंतरराष्टीय शतरंज संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 10000 रु पुरस्कार राशि की एक ओपन प्रतियोगिता का आयोजन जिले में किया जाएगा जिससे खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए मानसिक रूप से और दक्ष हो सकेंगे । कार्यक्रम में उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाडी. प्रखर बजाज अथर्व पल्टा संस्था संरक्षक डॉ एस के खम्परिया अध्यक्ष जे पी निषाद सचिव शेखर वर्मा सह सचिव शिखा पल्टा हिमानी बजाज वंदना गेलानी हर्षित श्रीवास्तव एंकर दीपिका पांडे मंगलम मनोर संचालिका शशि निषाद मोनिका निषाद एवं श्याम निषाद उपस्थित थे।

## एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

# सट्टा पर्ची काटने एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में बढ़ते अपराधों पर शिकंजा कसने, जुआ व सट्टा के कारोबार को बंद करने सहित खुले में नशा करने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा जिले में अवैध रूप से नशे का का व्यापार जैसे बवैध शराब कय-विक्रय, गांजा, स्मैक एवं जुआ, सट्टा के विरूद्ध "विशेष अभियान" चलाकर अवैध नशे के रोकथाम करने के लिये प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा द्वारा गत दिवस मातहत कर्मचारियों के साथ थाना क्षेत्र में नशे एवं अवैध गतिविधियो पर रोकथम लगाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यवाही मे धारा 294, 327, 506, 34 के मामले में 1000/- रू. का इनामी फरार बदमाश गोपाल पिता गुलाब सिह ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी गायत्री नगर को ग्राम गुड़ा थाना ढीमरखेड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही कर धारा 34ए आबाकरी एक्ट में अमित पिता बसंत लाल जायसवाल 42 साल निवासी सिविल लाईन, रवि निषाद पिता गरीबादास 33 साल निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक, लवकुश सिंह पिता उदय सिंह राजपूत 23 साल निवासी राजीवगांधी वार्ड, पार्वती पति स्व. मुन्ना लाल चौधरी 55 साल निवासी खिरहनी फाटक, चन्द्रशेखर पिता नन्दू निषाद 50 साल निवासी निमिया मोहल्ला राजेश पिता स्व. विष्णु मिश्रा 27 साल से 20 पाव देशी मसाला शराब कीमती 3600 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1400 रूपए, 16 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रूपए, 18 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1260 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1400 रूपए, 17 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1020 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2000 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन कीमती 2000 रूपए, 03 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपए, धारा 34ए आबकारी सविता पति राजेश चौधरी 33 साल निवासी टिकरिया, 537/24 34ए आबाकरी सीता पति महेश निषाद 48 साल निवासी दक्खनी माता मंदिर के पास कटनी, धारा 4क सट्टा एक्ट में संतोष कुमार पिता श्याम लाल गुप्ता से नगदी 250 रू एवं सट्टा पट्टी, निवासी आधार काप के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इस प्रकार शराब के कुल 09 प्रकरण में 151 पाव देशी शराब कीमत 10180 एवं 03 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रू की जप्त की गई एवं 01 प्रकरण सट्टा का पंजीबद्ध कर किया गया।

कार्यावाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा, उनि अरूण पाल सिंह, सउनि विजय गिरी, प्रआर, अनुराग सोनकर, नीरज तिवारी, सुधार रात्रि, अरुण याला त्रियाठी. महेन्द्र दुबे सुशील पाण्डेय, मनोज पटेल, कौशल सिंह आर. अजय प्रताप सिंह की रही।

## जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को दी गई सलाह

# सांप या जहरीले कीड़े काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने वर्तमान मे गर्मी और उमस के साथ बारिश का मौसम आने की वज़ह से ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की बढ़ी घटनाओं के मद्देनजर सावधानी के तौर पर नागरिकों से अपील की है कि वे सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने की घटना होने पर झाड़ -फूंक और नीम-हकीम से मरीज को ठीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें। कलेक्टर ने बिना समय बर्बाद किए तत्काल मरीज को उपचार के लिए निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने आग्रह किया है कि सांप के काटने पर झाड़ - फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को यदि समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण अंचलों में इन दिनों सर्पदंश और जहरीले कीड़े की काटने की बढ़ी घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने आग्रह किया है कि सर्पदंश या अन्य किसी अज्ञात कीड़े के काटने पर बिना समय गंवाए परिजन और पीड़ति व्यक्ति के पड़ोसी, नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचें। कलेक्टर ने गांवों में प्रचलित मिथक की घरेलू उपाय मिर्च या नीम के पत्ते खा लेने से जहर नहीं फैलता जैसी अफवाहों और भ्रांतियों पर अमल से बचने की गुजारिश की है। श्री प्रसाद ने कहा है कि सर्पदंश पीड़ति होने पर व्यक्ति की जिंदगी बचाने के लिए एक- एक सेकंड का समय कीमती होता है। जिंदगी से बढ़कर कुछ नहीं है, इसलिए सभी ग्रामीण भाई सावधान और सतर्क रहें । सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने के बाद उपचार और बरती जाने वाली सावधानियां ग्रामीणों को शिक्षा और जागरूकता के प्रसार हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर विगत दिनों खितौली,बहोरीबंद सहित अन्य स्थानों में आयोजित एंटी स्नेक बाईट जागरूकता कार्यशाला में दी जा चुकी है।इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बी.के.सिंह दिखित ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि इन दिनों सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनायें अधिक हो रही है। इनके काटने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल मे पीड़ति को पहुंचायें। झाड़-फूंक का सहारा न लें। अस्पताल ले जाने पर और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगने से सर्पदंश पीडित की जान बचाई जा सकती है।

डाक्टर्स के मुताबिक सांप काटने के केस ग्रामीण क्षेत्र से अधिक आते है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन की तरह ही जीव जंतु भी अधिक परेशान है। वे अपने बिलों से बाहर निकलते है और खेतों आदि में काम करने वाले लोग अनजाने में सर्पदंश का शिकार बन जाते है।डॉक्टर्स का कहना है कि सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और न घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपडे से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

### हर सांप विषैला नहीं होता

काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप काटने के आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते है।

### दूर हुई विद्युत समस्या

**कटनी।** विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीर रुख अपनाया जा रहा है। विकासखंड ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम मुरवारी में 4 नग एवं पोंडी मे 1 नग ट्रांसफार्मर फेल होने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद होने संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर निराकरण कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए थे निर्देश के परिपालन में की गई जांच में पाया गया कि ग्राम मुरवारी मे फेल 4 नग ट्रांसफार्मर में से एक नग ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाही की जा चुकी है।

**नाम परिवर्तन**

मैं श्रीमति सिद्धी जयसिंघानी पति राहुल जयसिंघानी उम्र लग. 25 साल निवासी सिविल लाइन सूरी गली, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड कटनी, तह व जिला कटनी मप्र की स्थानीय निवासी हूं। यह कि मेरा नाम विवाह के पूर्व कीर्ति सुन्दरानी पिता हरनाम सुन्दरानी था। विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमति सिद्धी जयसिंघानी पति राहुल जयसिंघानी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नये नाम श्रीमति सिद्धी जयसिंघानी के नाम से पहचाना जावे एवं मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नया नाम श्रीमति सिद्धी जयसिंघानी अंकित किया जावे।

नया नाम - श्रीमति सिद्धी जयसिंघानी
पुराना नाम - कीर्ति सुन्दरानी

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खितौली में सत्र 2024-25 के लिए किराना सामग्री एवं स्टेशनरी क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने की तिथि 28/6/24 से 04/07/2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 05/07/2024 को शाम 4.00 बजे एसएमसी के समक्ष निविदा खोली जावेंगी।

वार्डन - नेताजी सुभाषचंद्र बोस, बालिका छात्रावास, खितौली
समग्र शिक्षा विकासखंड, बड़वारा जिला कटनी (म0प्र0)

खबर संक्षेप

## मंडी समिति की बैठक संपन्न, 40 पैसे की पूर्व भांति रहेगी तुलावटी की मजदूरी दर



**हरपालपुर।** कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय में बुधवार को तुलावटी दर समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक, शशिकांत शुक्ला जिला पंचायत कृषि समिति अध्यक्ष, तहसीलदार भारसाधक संदीप तिवारी, मंडी गोलेलाल आदिवासी और मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू मौजूद रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि तुलावटी दर पूर्व भांति 40 पैसे प्रति सैकड़ा है उसी दर पर व्यापारियों द्वारा भुगतान किया जाएगा। बैठक में विधायक कामाख्या सिंह ने कहा कि व्यापारियों एवं तुलावटियों के संघ के अध्यक्ष को अगली बैठक में बुलाया जाए जिससे तुलावटी मजदूरी दर आपसी सहमति बनाई जा सके।गौरतलब है कि मंडी में कुछ व्यापारियों द्वारा तुलावटियों को उनकी मजदूरी का दर के हिसाब से भुगतान नहीं किया जाता हैं साथ ही दरों को लेकर आये दिन व्यापारियों एवं तुलावटियों को में विवाद की स्थिति बनती है। बीते वर्ष इसी विवाद के चलते कई दिनों तक मंडी बंद रही। कभी तुलावटियों ने मंडी में काम का बहिष्कार किया तो कभी व्यापारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने से कृषि उपज मंडी का काम प्रभावित हुआ जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने अन्य मंडियों में जाना पड़ा।

## आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में लोगों के हेल्थ कार्ड बनाए जाने के निर्देश

**छतरपुर।** नीति आयोग के संपूर्ण अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट में आंकाक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में सभी पैरामीटर की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बक्सवाहा का निरीक्षण कर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि बक्सवाहा के सभी निवासरत लोगों के हेल्थ कार्ड बनाए जाएं। साथ ही उनका बीपी, शुगर इत्यादि हेल्थ परीक्षण के पैरामीटर्स दर्ज किए जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन एवं पहले तिमाही में एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराए जाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने महिला सशक्तिकरण के लिए बक्सवाहा में प्राथमिकता के आधार पर लाभ मूलक एवं रोजगार मूलक सुविधाओं और योजनाओं से जोडऩे के निर्देश दिए। साथ ही स्व सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा लोगों के रहन-सहन एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अहम कदम उठाए जाएं।



### नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ मुहिम पुनः शुरू

# नालियों के ऊपर बनाई गई पट्टियों को जेसीबी से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसील मुख्यालय की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करनें एवं साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनानें के लिए दिशा निर्देश दिए गये जिनके परिपालन में हटा नगरपालिका प्रशासन द्वारा नगर को व्यवस्थित बनानें के लिए अतिक्रमण हटाओ मुहिम को पुनः प्रारंभ कर गुरूवार को नगर की सड़को पर मकान मालिको द्वारा नालियों के ऊपर फैले अतिक्रमण को हटानें की कार्यवाही की गई जिसमें नगरपालिका की टीम द्वारा बड़ा बाजार से पोस्ट ऑफिस के रहवासी क्षेत्र में नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर उनके ऊपर बनीं पट्टियों को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।



### नालियों के आगे-पीछे बनीं निकली दीवारें

दरअसल बड़ा बाजार में पानी निकासी के लिए गहरी व चौड़ी नाली का निर्माण है लेकिन अतिक्रमण कारियो द्वारा उसी नाली के ऊपर पट्टियों का निर्माण करा लिया गया जिससे उस नाली की सफाई व्यवस्था किसी भी तरीके से पूर्ण नहीं की जा सकती है क्योंकि थोड़ी-थोड़ी जगह से ही नालियों की सफाई विगत वर्षों से की जा रही थी जिससे आए दिन नालियां का पानी सड़को पर आसानी से देखा जा सकता था।वहीं इस कार्यवाही से कुछ दुकानदार एवं मकान मालिको द्वारा नाली के ऊपर किए गये अतिक्रमण को हटाए जानें की कार्यवाही का विरोध भी जताया गया लेकिन नगरपालिका प्रषासन द्वारा उनकी पट्टियों पर जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ा गया।


# 455 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर दी गई समुचित उपचार सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हांकित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, फालोअप जांच एवं समुचित उपचार हेतु विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाये गये विशेष स्वास्थ जांच क्लीनिक में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा कुल 455 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत समुचित उपचार सेवा दी गई। उन्होंने बताया गंभीर रक्ताल्पता से पीड़ित 2 गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय में ब्लड आपूर्ति (बी.टी.) की गई। वहीं ई.पी.एम.एस.एम.ए. विशेष स्वास्थ क्लीनिक दौरान 7 आयरन सुक्रोज भी लगाये गये। समुचित स्वास्थ जांच परीक्षण उपरांत क्लीनिक में पहुची सभी गर्भवती को आवश्यक औषधियां, आयरन, कैल्शियम टेबलेट का निःशुल्क वितरण भी किया गया। क्लीनिक में पहुंची गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार पोषण, स्तनपान, परिवार को नियोजित करने स्थायी अस्थायी साधनो के बारे मे परामर्श भी दिया गया। जिला चिकित्सालय में लगाये गये विशेष जांच क्लीनिक में पहुंची 96 गर्भवती का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित उपचार सेवा दी गई। हिण्डोरिया के बांसनी ग्राम एवं जोरतला से पहुंची सीवियर एनिमिक 2 गर्भवती महिला को ब्लड आपूर्ति की गई। 4 महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी लगाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण दौरान पी.आई.एच. एवं थायराईड की समस्या से पीड़ित 1-1 गर्भवती महिला का चिन्हांकन कर प्राथमिक उपचार सेवा दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में डॉ. सोनाली जैन द्वारा 28 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ जांच की गई, जिसमें 8 हाई रिस्क महिलाओं की फॉलोअप जांच भी शामिल है। जांच दौरान टी. बी. रोग से पीड़ित एक गर्भवती महिला पाई गई। वहीं थायराईड की आशंका वाली एक गर्भवती महिला का सैम्पल लिया गया। पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. तुलसा ठाकुर द्वारा 41 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. रवीन्द्र सिंह द्वारा 64 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें 47 हाई रिस्क महिलाएं शामिल रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में डॉ. पूर्वशी राय द्वारा क्लीनिक में पहुंची 27 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच-परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवा दी गई। सिविल अस्पताल हटा में स्किल लैब प्रशिक्षित डॉ. नेहा गौतम द्वारा 58 गर्भवती की स्वास्थ्य जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया में डॉ. ज्योति द्वारा 63 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें फालोअप जांच वाली 43 महिलाएं शामिल है। 3 गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज लगाया गया। वहीं सीवियर एनिमिक 1 महिला को ब्लड़ ट्रांसफयूजन हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में डॉ. रंजीता गांगरा द्वारा 49 गर्भवती महिलाओं स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया।

## दर्शन करने आया था लेकिन विद्या के सागर में बूंद की तरह समा गया: मुनि श्री योग सागर

**दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आज पावन पर्व है पर्व का अर्थ होता है महोत्सव कौन सा महोत्सव है ना जन्म महोत्सव है ना दीक्षा महोत्सव है आज तो मृत्यु महोत्सव है।जिन्होंने मृत्यु महोत्सव का अनुभव किया उन्होंने अपने जीवन में जिनवाणी की आराधना करते-करते जिस चीज की उपलब्धि की जिन्होंने अपने जीवन को पूरा का पूरा लगाया और अंत में उन्हें मृत्यु महोत्सव का लाभ हुआ। ऐसे महान आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज का दर्शन करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था ।आज से सन 1968 --1969 दो साल लगातार 2 माह 3 माह तक उनके चरण वंदन करने का रज लगाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ ।उस वक्त मैं बालक जैसा था ।10 -12 वर्ष का था धर्म के बारे में जानता ना था ।उनके वचन सुनता रहा ।आचार्य विद्यासागर जी ने मुझे णमोकार मंत्र सिखाया। यह नहीं पूछा मैं यह क्यों पढ़ रहा हूं क्यों पढ़ा रहे हो बड़े कहते हैं बड़ों की बात मानना जो पढ़ा रहे उनसे पूछना नहीं जो कह रहे सही कहते हैं हां कहते जाओ। मुझे ज्ञानसागर महाराजकी क्या उपलब्धि हुई आचार्य ज्ञानसागर महाराज के मुखारविंद से वह उपलब्धि हुई आचार्य ज्ञानसागर महाराज जब भी प्रवचन करते णमोकार मंत्र का मंगलाचरण करते और चत्तारि दंडक का उच्चारण करते। मुझे चत्तारि दंडक याद हुआ यह उपलब्धि ज्ञान सागर महाराज से हुई इससे बढ़कर और क्या चाहिए। दो बार लगातार दर्शन किया तीसरी बार आया तो मैं विद्यासागर के सागर में यह बूंद समा गया ऐसा प्रभाव पड़ा आचार्य ज्ञान सागर का ऐसा बीज हमें मिला था वह विद्यासागर के सरोवर में बीज अंकुरित हुआ। मैंने कभी जीवन में सोचा नहीं था कि मुनि बन जाऊंगा क्योंकि छोटी उम्र थी संस्कार तो थे णमोकार मंत्र आता संस्कार होते हुए वह पुण्य ऐसे जागृत हुआ उनके चरणों में समर्पित हुआ वैराग्य का सोचा नहीं था। मैं तो पिकनिक मनाने आया था बहुत दिन हो गए यह सोचा दर्शन नहीं करें चलो इतना था पुण्य का उदय ऐसा आया ज्ञान सागर महाराज के दर्शन करते वे दृश्य हमें आज भी सामने दिखाई देते है। हमें भजन के लिए खड़े करते थे जो भी याद आता है कई लोगों ने कविता लिखी उसमें एक कविता हम लोग बोलते थे। खिले हैं सखी आज दुल्हन बनके ।उनकी कृपा से उनके आशीर्वाद से हम लोग यहां आए हम लोग शक्ति प्राप्त कर रहे हैं जो गुरुओं ने प्राप्त किया। समाधि जिसे प्राप्त हो जाए अब संसार में भटकने की बात नहीं है ।जैसे आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज ने वह निधि प्राप्त की और तीन माह पूर्व आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने प्राप्त की ।उनके सानिध्य को प्राप्त करने का वह सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ।



# खुले में मांस मछली बेचने वाले को चौकी प्रभारी ने दी चेतावनी



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर ग्राम में खुले में मांस मछली बेचने वाले दुकानदारों के साथ आज जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास की मोजदगी में सिंग्रामपुर चौकी में बैठक की गई जिसमे चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े ने प्रतिबंध के बावजूद मीट मछली दुकानदारों ने खुले में मांस मछली की बिक्री बंद नहीं गई है। मांस मछली नहीं बेचने वालों को चौकी में बुलाकर सख्त हिदायत दी गई है की शासन के आदेश का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी । सभी दुकानदारों को जबेरा तहसीलदार और चौकी प्रभारी ने समझाइश दी गई है । उन्होंने कहा कि खुले में मांस मछली बेचना कानूनन अपराध है ।और खुले में मांस मछली बेचने से ही आने जाने वाले राहगीरों यात्रियों सहित अन्य कई तरह के लोगों को परेशानियां होती है। साथ ही सड़क किनारे खुले में मांस मछली बेचने पर धूल कण से प्रभावित होकर स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए भी काफी हानिकारक हो जाता है। और उन्होंने कहा कि मांस मछली को ढककर बाजार से दूर लगाए तथा खुले में बेचने से मांस मछली दूषित और संक्रमित हो जाती है। चौकी प्रभारी तहसीलदार की समझाइश के बाद खुले में मांस मछली बेचने वाले व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिया है आगे से खुले में मांस मछली बिक्री नहीं करेंगे नेट या पर्दा लगाकर बाजार से दूर एकांत जगह ने मांस मछली का विक्रय किया जाएगा। चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े ने बताया कि सड़क किनारे खुले में मांस मछली बेचने वाले को सख्त निर्देश दिया है कि जो भी खुले में मांस मछली बेचते पकड़ा जाएगा उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम चरण में जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 28 को


**दमोह।** भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन का नया Revamped Portal के प्रथम चरण में जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 28 जून 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक आयोजित किया गया है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण को जनगणना कार्य निर्देशालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना हैं। जिला स्तर के इस प्रशिक्षण के पश्चात द्वितीय चरण में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जुलाई से 05 जुलाई 2024 तक दिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी जिला योजना अधिकारी अलका दास ने दी।

## सेवा सप्ताह के अंतर्गत किया निःशुल्क स्वस्थ्य शिविर का आयोजन

**दमोह।** बजरंग दल सेवा सप्ताह कार्यक्रम जो 24 जून से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत जो प्रतिदिन चल रहे है इसी क्रम में 26 जून को पटना कुर्मी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला सेवा प्रमुख अजय मिश्रा द्वारा किया गया जिसमे मरीजों का निःशुल्क ब्लड टेस्ट एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई जिसमें लगभग 60 लोगो ने स्वस्थ शिविर का लाभ लिया सहयोगी रहे डॉ. राबेंद्र मिश्रा डॉ. किशन अरेले। 27 जून को बांसा प्रखंड के ग्राम सिहोरा पड़रिया में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला सेवा प्रमुख अजय मिश्रा द्वारा किया गया जिसमे सहयोगी रहे दमोह बजरंगदल के जिला संयोजक शम्भू विश्वकर्मा, डॉक्टर रमेश पटेल जी का सहयोग रहा। स्वस्थ शिविर में रक्त परीक्षण, बी.पी, ब्लड शुगर, मलेरिया की निःशुल्क जांच की गई और सभी को निःशुल्क दबाई वितरित की गई। स्वस्थ शिविर में 50 लोगो से अधिक ने इसका स्वास्थय लाभ लिया। सेवा सप्ताह में दमोह जिले में सेवा कार्य जैसे मठ मंदिर की साफ सफाई मुक्ति धाम की साफ सफाई और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है।

## नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को नहीं हो परेशानी: एसडीएम

*कलेक्टर के आदेश पर तहसील कार्यालय का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण*



**लवकुशनगर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों का समय से निराकरण और आदेश का अमल त्वरित कराने गुरुवार को एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने तहसील कार्यालय लवकुशनगर का औचक निरीक्षण किया साथ ही राजस्व प्रकरणों की जांच की। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने रेवेन्यू केस के समय से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को राजस्व कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा सुधार कार्य के निराकरण समय से किया जाए। कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने पुराने लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को कोई रिकॉर्ड चाहिए हो तो बार-बार तहसील आने की आवश्यकता न पड़े, लैंड रिकॉड्र्स का भी डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी, स्टैनो यादवेंद्र सिंह धाकड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राममंदिर बनने की खुशी में साईकिल से चरण वंदन यात्रा कर रहा युवक



**छतरपुर।** पिछले दिनों मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मभूमि पर बनकर तैयार हुए भव्य राममंदिर का निर्माण होने के बाद से पूरे देश के रामभक्तों में उत्साह है। राममंदिर का निर्माण होने की खुशी में एक युवा द्वारा साईकिल से लगभग 700 किलोमीटर की साईकिल यात्रा की जा रही है, जिसका नाम चरण वंदन यात्रा है। यह यात्रा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नर्मदा जल भेंटकर उनका आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से युवा द्वारा की जा रही है। चरण-वंदन यात्रा कर रहे भोपाल निवासी अजय यादव ने बताया कि पिछले दिनों वह राममंदिर के दर्शन करने के लिए अयोध्या गए थे, जहां उनके मन में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करने की इच्छा जागृत हुई। घर वापिस लौटने के बाद अजय ने रूपरेखा तैयार की और 22 जून को भोपाल से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नर्मदा नदी के बुधनी घाट से नर्मदा जल भरकर यात्रा का शुभारंभ किया। गुरूवार को अजय साईकिल से अपने सफर को तय करते हुए छतरपुर पहुंचे, जहां मीडियाकर्मियों ने उनसे बात की। अजय ने बताया कि राममंदिर का निर्माण संपूर्ण देश के रामभक्तों के लिए अद्वितीय उपहार है, जिसके लिए वे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताने के लिए लखनऊ जा रहे हैं। 13 दिनों में वे अपनी 700 किलोमीटर की यात्रा को पूरा करेंगे और योगी आदित्यनाथ को नर्मदा जल भेंटकर उनका आभार जताएंगे। अभी तक अजय ने 300 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है।

# छात्राओं को स्लेट पेंसिल पहाड़ा का किया वितरण



**बनवार।** राज्य शासन के आदेश अनुसार कक्षा पहली एवं दूसरी बच्चों को लिखने का अभ्यास करने के लिए प्रत्येक वर्ष स्लेट पेंसिल बत्ती रबर एवं रंगीन पेंसिल दी जाती है जिसके चलते सत्र 2024 25 शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रोहिनी संकुल केंद्र खमरिया बिजोरा जनपद शिक्षा केंद्र जबेरा मैं 20 बच्चों को स्लेट पेंसिल पहाड़ा का पी का वितरण किया गया इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुशील उपाध्याय एवं शिक्षक बलराम ठाकुर एवं एसएमसी की अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक रोकी जाए नामांतरण की कार्रवाई

### अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर युवक ने की मांग

**छतरपुर।** गुरूवार को छतरपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पडुवन दालौन के रहने वाले उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि गांव में मौजूद उसकी पैत्रिक जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लेकिन विपक्षी हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर नामांतरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक नामांतरण की कार्रवाई न किए जाने की मांग की है।

उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि वर्ष 1984 में उसके स्वर्गीय दादा ने शंकर सिंह से दालौन मौजा में स्थित खसरा नंबर 1129,



1130, 1131 की जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री और नामांतरण उसी समय हो गया था। इसके बाद वर्ष 2007 तक दीक्षित परिवार इस भूमि पर कृषि कार्य करते रहा। 2007 में गांव के बल्दुवा कुशवाहा और उसके परिवार ने उक्त जमीन पर जिला न्यायालय में केस दायर कर दिया, जिसका फैसला दीक्षित परिवार के पक्ष में आया। इस फैसले के विरुद्ध कुशवाहा परिवार ने एडीजे कोर्ट में सेकेन्ड अपील की थी, जिसके बाद जिले से हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। वर्तमान में प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में है, जहां 8 जुलाई 2024 को पहली सुनवाई होना है, लेकिन कुशवाहा परिवार हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर उक्त जमीन का नामांतरण आने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश दीक्षित ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता तब तक हाईकोर्ट के आदेश पर नामांतरण की कार्रवाई न की जाए।

# घर में सो रही महिला को जहरीले सर्प ने डसा, मौत



**छतरपुर।** जिले के गुलगंज कस्बे में रहने वाली एक महिला को बीती रात सोते वक्त जहरीले सर्प ने डस लिया था। परिजन उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल लाए थे लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। गुरूवार को महिला का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज निवासी बृजेश खंगार की 28 वर्षीय पत्नी यशोदा रोज की तरह घर में सो रही थी। रात के वक्त एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। यशोदा की चीख सुनकर घर के अन्य लोग जागे और उसे तत्काल जिला अस्प्ताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरु किया। गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान यशोदा की मौत हो गई। मौत की पुष्टि होने के बाद यशोदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## वायरल वीडियो के पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि स्वीकृत

छतरपुर

वायरल वीडियो संज्ञान में आते ही छतरपुर पुलिस की संयुक्त गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल ही घटना से संबंधित सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार एवं वाहन जप्त किए गए थे। हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध हथियार, आईटी एक्ट, एससी एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। दो अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की गई है। उक्त प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति को मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि की स्वीकृति हेतु थाना कोतवाली, थाना सिविल लाइन एवं थाना अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण जिला छतरपुर द्वारा प्रतिवेदन जिला जनजाति कार्य विभाग प्रस्तुत किया गया

### दमोह के विकास का रोडमैप (भविष्य की संभावनाओं पर विचार विमर्श) पर हुई बैठक

# हर विधानसभा में विकास का रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हर विधानसभा का यह रोड मेप है और इसको आने वाले समय के लिए हमारा विजन क्या होगा, प्रदेश कैसा होगा इसके लिए हर विधायक को जिम्मेदारी दी गई है कि अपने यहां का रोड मेप बनाकर लाये और शासन के साथ इसको समाहित करें। इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिकों सभी के सुझाव लिये गए। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज कलेक्टर कार्यालय में दमोह के विकास का रोडमैप (भविष्य की संभावनाओं पर विचार विमर्श) पर आयोजित बैठक मैं व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक द्वय श्री जयंत मलैया, श्रीमती उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यरक्ष प्रीतम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीत गौरव पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरेंद्र राय, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण मौजूद रहे। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा यह इसलिए की हमारा आने वाले समय का दमोह कैसा हो, हमारा जिला कैसा हो, हमारे गांव कैसे हो उसके लिए सभी लोगों से सुझाव लिये गए हैं और इन सुझावों को समाहित करके 5 वर्ष में इसको पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इसमें बहुत सारे सुझाव खास तौर से सिंचाई के संबंध में बहुत सारे सुझाव है और भी बिंदुओं पर सुझाव आए हैं, उन पर अधिकारियों से बात की गई है, उसको डॉक्यूमेंट में जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा हर विकासखंड में मिट्टी परीक्षण की बिल्डिंग बनी हुई है, जिन बेरोजगार युवाओं को कोई काम मिलेगा। यदि कोई किसान जो खुद मिट्टी लेकर आएगा, उसकी 25-50 रुपए जो फीस है, वह देनी पड़ेगी। यह एक बड़ा फैसला अभी हाल ही कैबिनेट में हुआ है, इस तरीके का काम कर रहे हैं, जिससे मुझे लगता है कि यह मिट्टी परीक्षण वाली समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने कहा 25 गांव छूटे है वह जुड़ रहे हैं, इसकी सबसे ज्यादा कोई चिंता कर रहे हैं तो वह पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत भैया जी ने की हैं। उन्होंने कहा व्यारमा नदी का प्रोजेक्ट तैयार हो चुका है, लगभग उसमें 2 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी, उसको जोड़ देंगे तो हमारा पूरा जिला जो बचा हुआ है, क्योंकि हमें कुछ पानी केन-बेतवा से मिल रहा है और हमारी जो पांच परियोजनाएं हैं उनमें भी लगभग 175000 एकड़ की सिंचाई, उससे भी होगी । कुछ सिंचाई तालाबों से हो रही है, बाकी जो बचेगा अगर यदि यह योजना स्वीकृत हो जाए तो मुझे लगता है कि दमोह जिले की पूरी सिंचाई हो जाएगी। उन्होंने कहा हमारा जो सीतानगर डेम है, यह डेम बहुत बड़ा डेम है और वहां पर बाजू में ही मड़कोलेश्वर है, वहीं पर हवाई अड्डे बनाने की बात हो रही है। उन्होंने कहा नरसिंहगढ़ में हमारा पीडब्ल्यूडी का रेस्ट हाउस है, उसको बहुत अच्छा बनाना है। वहां पर रेस्टोरेंट बनाने और साथ में वोटिंग करने का प्लान है। डायमंड सीमेंट का हवाई अड्डा पुराना है, सिर्फ तीन या चार बार वहां पर जहाज उतरा है। अभी मैंने कुछ दिन पहले ही उसमें बात की थी तो वह उसे सरेंडर कर रहे हैं इसके दस्तावेज देखकर हम लोग वहां बनाने का काम करेंगे। उसका सिर्फ सीमेंटीकरण होना है वह हो जाएगा तो हवाई अड्डा चालू हो जाएगा।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा दमोह पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में बहुत समृद्ध-शाली जिला है। इसके लिए बांदकपुर कॉरिडोर से शुरू कर रहे हैं, 100 करोड़ की परियोजना भगवान भोलेनाथ के बांदकपुर कॉरिडोर के लिए बनाई गई है और उस पर जल्दी ही काम शुरू होगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने जो निर्देश दिए हैं की हर विधानसभा का हर जिले का एक विजन डॉक्यूमेंट बनाना चाहिए, जिसमें हम 5 साल में क्या-क्या काम करना चाहते हैं वह विजन डॉक्यूमेंट बनाकर हम यहां से कलेक्टर के माध्यम से भेजेंगे और उस विजन डॉक्यूमेंट को लेकर मंत्रिमंडल के माध्यम से कैबिनेट में योजना बनाकर उस विजन डॉक्यूमेंट पर काम किया जाएगा।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा एयर एंबुलेंस की सुविधा पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने शुरू की है। यदि कोई ऐसी स्थिति बनती है तो कलेक्टर से, सीएमएचओ से संपर्क करके उस गंभीर मरीज को एयरलिफ्ट करके भोपाल या जिस हॉस्पिटल में ले जाना है, वहां ले जाया जा सकता है। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा जिले में 05 नदिया बेबस, सुनार, कोपरा और व्यारमा जिले से निकली हैं, यदि इन पांचो नदियों को जोड़ दिया जाता है तो दमोह जिले में कभी पानी की कमी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कुम्हारी क्षेत्र में 10 तालाब बहुत अच्छे बने है, सिंचाई के लिए नहरे बनाए ताकि खेतों में पानी जा सके। उन्होंने कहा दिव्यांगो के उपकरणों के सुधार का काम बहुत पहले किया गया था। दिव्यांगों के उपकरण सुधार कार्य के लिये यहां सुधार केन्द्र बनाकर सुधार कराया जाये। पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा दमोह जिले के हर विधानसभा में एक-एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए अलग-अलग वर्गों के लोगों को बुलाया गया, सभी ने हर विभाग के बारे में जो उनके विचार थे, उन विचारों को व्यक्त किया। सभी को कलेक्टर ने आमंत्रित किया है और इसके बाद 15 जुलाई तक विजन डॉक्युमेंट बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कलेक्टर श्री कोचर से कहा ग्रामीण क्षेत्र में और यहां पर भी शालाओं की स्थिति जीर्ण-छीर्ण हालत में है, कई जगह उसकी रिपेयरिंग होना है, कई जगह पर शालाओं में अतिरिक्त कक्ष बनने है, कई जगह पर टॉयलेट नहीं है, खास तौर से बेटियों के लिए टॉयलेट बनवाएं जाये। विधायक श्री मालैया ने कहा इस वर्ष पानी की कमी थी, सतधरू से पेयजल आ रहा था, इस बार जो बारिस में पानी आएगा उससे उन 39 गांव में सिंचाई होगी और उसके बाद पानी की उपलब्धता देखते हुए आगे उसका विस्तार किया जा सकेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज आयोजित बैठक के प्रारंभ में कहा दमोह जिले की विकास संभावनाओं पर विचार करके अगले 5 साल का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। प्रेजेंटेशन में विषय हैं, इस पर सभी अपने विचार रखेंगे। एक रोड मैप तैयार कर मुख्यमंत्री जी को सौपा जाएगा। जनप्रतिनिधियों के साथ उसके बाद अधिकारियों के साथ इस विषय पर चर्चा की जाएगी।

## बैठक में आये सुझाव

दमोह को पर्यटन के नक्शे में लाया जाए, सिंगल क्लिक पर सारी जानकारी वेबसाइट पर मिल जाए। बकायन में आयोजित होने वाले महोत्सव को संस्कृत विभाग के कैलेंडर में शामिल किए जाने की बात रखी गई। साथ ही कहा गया कि इस उत्सव के लिए राशि बढ़ाई जाए। जबलपुर-दमोह-ओरछा मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है, शीघ्र शुरू कराया जाए, जो भी बाधा है दूर कराई जाए। यह भी सुझाव आया कि धार्मिक स्थल कुंडलपुर, बांदकपुर, नोहलेश्वर आदि के लिये सड़क उच्चस्तरीय बनवाई जाए, जिसमें सभी तरह के वाहनों का आवागमन सुगम रहे। बैठक में दमोह जिले को एयर कनेक्टिविटी से जोड़े जाने की बात प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर कहा गया कि दमोह जिले के तीर्थ क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ा जाए, साथ ही दमोह को जबलपुर से पुणे की फ्लाइट शुरू कराई जाए, दमोह से बड़ी तादाद में लोग पुणे से जुड़े हुए हैं। बैठक के दौरान यह भी कहा गया स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया जाए, जिले में जो पारंपरिक उद्योग है उनको आधुनिक साधनों से जोड़ा जाए, नई संभावनाओं पर विचार कर उन्हें अपग्रेड किया जाए। दमोह के जिला उद्योग केंद्र को एक्टिव किया जाए। नोहटा में बिजली पोल बनाने की फैक्ट्री को पुनः शुरू करने की बात रखी गई। साथ ही जिले में सांची पार्लर अधिक संख्या में खोले जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। इस दौरान बसती गृह में जो कि बंद पड़ा हुआ है यहां पर महिलाओं को रोजगार हेतु अवसर मुहैया करने के साथ जिले में जो गौशालाएं हैं उन्हें उद्योगों से जोड़ने के संबंध में प्रमुख से बातें रखी गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, नागरिकों आदि ने अपने सुझाव रखें। जो इस प्रकार हैं इनमे एक जिला एक उत्पाद की चर्चा की गई। कहा गया कि यहां की जो चना दाल है, एक जिला एक उत्पाद में शामिल है, अच्छी क्वालिटी की है, इसकी बिहार यू.पी. आदि में अच्छी डिमांड भी है। बात रखी गई कि यहां से जाने वाले माल की राशि सही समय पर मिल जाए ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। दमोह में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर सुझाव दिए गए कि स्वास्थ्य सुविधाओं में विशेष रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ और न्यूरो के डी.एम. डॉक्टर की पदस्थापना यहां पर कराई जाए, साथ ही एमआरआई की स्थापना पर जोर दिया गया। यह बात भी रखी गई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह को पॉलिटेक्निक कॉलेज ही रखा जाए, इंजीनियरिंग कॉलेज नई जगह पर बनाया जाए। दमोह में लॉ कोर्स शुरू करने के बाद भी रखी गई। इस दौरान जटाशंकर, भीमकुंड, बांदकपुर, कुंडलपुर, सिंग्रामपुर को लिंक मार्ग विकसित करने और चोरैया गुफा, बंशीपुर का विकास, बरी कनोरा को अतिक्रमण मुक्त करने आदि विषयों पर भी सुझाव रखे गए। जिले के सभी तालाबों को संरक्षित करने की कार्य योजना बनाई जाने पर जोर दिया गया, साथ ही कहा गया कि इन तालाबों में जहां भी अतिक्रमण हैं, उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। मनरेगा के तालाबों को व्यवस्थित कर दिया जाए, जिससे ये सिंचाई सुविधा के भी काम आएंगे। सत्तधरू परियोजना में झापन से हथनी तक कुछ गांव छूटे हैं, उन्हें शामिल करने की बात रखी गई। इस दौरान दमोह शहर सहित अन्य स्थानों एवं मार्गो से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। साथ ही दमोह शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कैसे कम हो इस संबंध में भी विचार रखे गए।

**बांसा ट्रिपल मर्डर केस में दो मुख्य आरोपियों को भेजा जेल**

# कॉलोनाइजर तथा मैनेजर पर मामला दर्ज

### एसपी ने चौकी प्रभारी और विवेचक को लाइन अटैच किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना अंतर्गत बांसा तारखेड़ा गांव में 24 जून को होमगार्ड सैनिक सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करके जहां जेल भेज दिया है वही आरोपियो से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई की उनके लिए हथियार तथा रुपया बिल्डर राकी सुरेखा व उनके मैनेजर सतीश के द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। जिस पर उनके खिलाफ भी षड्यंत्र की धारा 120 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनके फरार हो जाने की वजह से एसपी नान की गिरफ्तारी पर इनाम की भी घोषना की है। इधर इस घटना की जांच में लापरवाही तथा पूर्व में हुई शिकायतों पर ठीक से कार्यवाही नहीं करने पर सागर नाका चौकी प्रभारी बिंदेश्वरी कुर्मी एवं विवेचक को लाइन अटैच कर दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई को लेकर जानकारी देते हुए एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने जानकारी देते हुए कहा कि मामले में जांच जारी है और जो भी नाम सामने आएंगे उनका केस में शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय की करीब एक माह पूर्व होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा की बछिया पर गाड़ी चढ़ा देने पर से बांसा ग्राम में राजा विश्वकर्मा का विवाद हो गया था उसे समय गाड़ी में बिल्डर राकी सुरेखा भी मौजूद थे। इस मामले में दोनों तरफ से पुलिस को शिकायत की गई थी वहीं होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा द्वारा बाद में कलेक्टर एसपी को आवेदन देकर उपरोक्त घटना के बाद से अपनी जान का खतरा बताया था और इसके लिए राजा विश्वकर्मा तथा राकी सुरेखा को जिम्मेदार ठहराया गया था। इस आवेदन की जांच सागर नाका चौकी प्रभारी बिंदेश्वरी कर्मी को सौंपी गई थी लेकिन उनके द्वारा शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया और 24 जून को यह बड़ी वारदात हो गई।

उल्लेखनीय है कि 24 जून की सुबह बांसा ग्राम में राजा विश्वकर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक से कोचिंग जा रहे उमेश विश्वकर्मा तथा विकास विश्वकर्मा पर गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। वही होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा को भी गोली मारकर तथा धारदार हथियार से गला रेत कर दर्शन से हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस द्वारा तीन लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे वहीं पोस्टमार्टम के बाद 25 जून को तीनों शव जब बांसा ग्राम पहुंचे थे तो लोगों ने चक्का जाम कर दिया था बाद में कलेक्टर एसपी के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म करके अंतिम संस्कार किया गया था।इधर 26 जून को दो मुख्य आरोपी सहित तीन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उनके द्वारा बिल्डर राकी सुरेखा तथा उनके मैनेजर सतीश के द्वारा हथियार तथा रूपये एवं गाड़ी उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई इसके बाद 26 जून की रात राकी सुरेखा के कृष्ण हाइट्स पर पुलिस द्वारा जांच छापा मार कार्रवाई करके सीसीटीवी फुटेज खगाले गए। वही वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के बाद 27 जून को इस मामले में राकी सुरेखा का तथा उनके मैनेजर की भूमिका स्पष्ट हो जाने के साथ उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस बात की भनक उनको पहले से लग चुकी थी इस वजह से फरार हो गए जिस पर सपा के द्वारा इनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किए जाने की बात कही गई है। इधर उपरोक्त घटना के बाद दहशत में डूबे परिजनों के द्वारा अभी तक आरोपियों के कब्जे पर बुलडोजर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



गुरुवार को तेन्दूखेड़ा और तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो जाने सहित एक युवक घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है पहला मामला तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीडोल से सामने आया है जहां शाम 5 बजे तेज बारिश के चलते आकाशीय बिजली गिरने से 56 वर्षीय अर्जुन पिता गुलाब लोधी की मौके पर ही मौत हो गई एवं साथ में कुछ दूरी पर खडे.जीवन पिता साहब सिंह लोधी उम्र 37 वर्ष घायल हो गया है जिसका इलाज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैं। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तेज बारिश के चलते खेत में काम कर रहे लोग आम के पेड़ के नीचे आ गए उसी समय तेज गर्जना के चलते दो लोग वहां से चले गए। लेकिन अर्जुन एवं जीवन आम के पेड़ के नीचे खडे रहे उसी समय बिजली पेड़ पर गिरी जिसमें अर्जुन लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर आज सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया । इसके अलावा दूसरा मामला तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पटी मोहरा में लगभग साढे पांच बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पटी निवासी रोशन पिता हल्ले आदिवासी 29 वर्ष पटी गांव से मोहरा ग्राम की तरफ आ रहे थे जो रास्ते मे खेत होते हुए घर जा रहे थे लेकिन अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रोशन आदिवासी की मौके पर मौत हो गई हैं। घटना की जानकारी लगते हैं तेजगढ़ थाना प्रभारी स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया आज सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# श्री बड़े बाबा जैन मिलन की मासिक बैठक सम्पन्न

### 7 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं वर्कशॉप का आयोजन पटेरा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की मासिक बैठक शाखा के सक्रिय सदस्य रवि सराफ के निवास पर शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महावीर वंदना से बैठक का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय कार्यकारिणी की सत्र 2024 25की प्रथम बैठक एवं शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष एवं प्रचार प्रमुखों का वर्कशॉप 7 जुलाई को पटेरा कुंडलपुर शाखा के सौजन्य से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसकी तैयारी प्रारंभिक स्तर पर कर शनिवार 29 जून को एक वृहद बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। स्थल चयन कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रतिभा सम्मान नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। बालिका मंडल की प्रस्तुति होगी । शाखा के सदस्यों को जिम्मेदारी निभाने पर सम्मानित किया जाएगा। रवि सराफ द्वारा सभी को स्वल्पाहार कराया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नरेंद्र बजाज महेश जैन राजेन्द्र राही राजेन्द्र बजाज राजेश सेठ, राजेन्द्र बंटी पंकज जैन मनोज सेठ, चौधरी अतुल जैन, गोकुल चंद्र राकेश कुमार जिनेन्द्र जैन अमित कुमार रवि सराफ नीलेश सराफ पशांत सेठ श्रीकांत बड़कुल स्वतंत्र सेड सहित अनेक सदस्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### जिले में स्थाई कर्मचारी की नहीं मिल रही वेतन-संतोष सिंह

**दमोह।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ दमोह जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बबलू ठाकुर ने बताया कि वन विभाग एवं जनजाति विभाग में स्थाई कर्मी एवं सुरक्षा श्रमिक अंशकालीन को 2-3 महीने से वेतन न मिलने के कारण उनका परिवार भूख से मारने की कगार पर आ गया है दमोह जिले के वेतन भुगतान न होने के कारण समस्त कर्मचारी में भारी आक्रोश है जिले के स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक अंशकालीन वेतन की मांग को लेकर मैं धरना देने के लिए मजबूर हो रहे हैं जिला स्तर के सक्षम अधिकारी कर्मचारी बजट अभाव बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं और कर्मचारियों का परिवार विवेचना ना होने के कारण जीवन निर्वाह की आवश्यकता सामग्री खरीदने में अपने आप को समर्थ नहीं पा रहा है बिजली बिल स्कूल की फीस दवाई की व्यवस्थाएं वेतन न मिलने के कारण नहीं कर पा रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियों में विभागों के समस्त कर्मचारियों को भारी आक्रोश व्याप्त है वन विभाग जनजाति विभाग में वेतन भुगतान की व्यवस्थाएं शीघ्र नहीं की गई तो सभी स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक अंशकालीन जिला मुख्यालय में धरना देने के लिए विवश रहेंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला अधिकारियों की होगी।

**वार्डवासी बोले जब हादसा होगा तभी जागेंगे अफसर, जनप्रतिनिधि...**

# हादसे को न्योता दे रहा नर्मदा जल योजना का चैबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



वार्ड क्रमांक 9 में मुख्य मार्ग पर बना नर्मदा जल चेंबर का गड्ढा किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। इस गाड़ी को व्यवस्थित नहीं किए जाने पर वार्ड वासियों का कहना है कि जब हादसा होगा तभी जाएंगे अफसर एवं जनप्रतिनिधि । नगर का मुख्य शासकीय कार्यालयो के लिए जाने वाला खकरिया मुख्यमार्ग में एक बड़ा गढ्ढा राहगीरों एवं वाहन चालकों को मुसीबत बना हुआ है। इस भारी भरकम गड्ढे से आए दिन छोटे मोटे हादसे रोज हो रहे हैं। मगर नगर के जिम्मेदार अधिकारी एवं नर्मदा लाइन के जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे हुए हैं मानो उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार हो क्योंकि इस गड्ढे से नर्मदा जलधारा लाइन की पाइपलाइन निकली है जिसका गड्ढे में चेंबर बनाया गया। इस गड्ढे को व्यवस्थित रूप से ढकने का काम कंपनी के कर्मचारियों द्वारा नहीं किया गया है इस गड्ढे से किसी दिन बहुत बड़ा हादसा घटित होगा। ऐसा वार्ड वासियों का कहना है खकरिया को जाने वाला मुख्यमार्ग जो बस स्टैंड के पास चौराहे से होकर गुजरता है। उसी मार्ग पर नर्मदा कंपनी द्वारा एक गड्ढा खोदकर एक चैंबर बनाया गया। इस चैंबर को चारों ओर सीमेंट से जुडाई करने के बाद उसे सीमेंट की सीटों से ढाका वह लगभग 7 माह पहले टूट गई है गड्ढे को अभी तक दुरुस्त नहीं कराया गया। यातायात के दबाव के चलते यहां से पैदल चलते राहगीरों ,बाइक चालकों सहित लोगों के गिरने का डर बना रहता है। गनीमत यह है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ मुख्य सड़क के किनारे का गढ्ढा सीधे तौर पर बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। आपको बता दे कहीं न कहीं नर्मदा लाइन कर्मचारियों की एवं नगर परिषद की यह घोर लापरवाही किसी की जान की दुश्मन न बन जाये बारिश का समय नजदीक है। बारिश में लगातार बारिश होने पर संपूर्ण सड़क जलमग्न हो जाती है और ऐसी स्थिति में गड्ढा दिखाई नहीं देगा इसके कारण बड़ा हादसा घटित हो सकता है। वार्ड वासियों ने समय रहते गड्ढे को व्यवस्थित करने की मांग की है।

**हर वर्ग में भारी आक्रोश, घटना की जा रही तीव्र निंदा.....**

# गोवंश की निर्गम हत्याओं के विरोध में हिंदू समाज ने जबेरा बंद किया आवाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



कटंगी में गोवंश की निर्गम हत्याओ के बाद मिले कंकाल की हर वर्ग ने तीखी निंदा की है आज जबेरा नगर की प्रसिद्ध नरसिंह देवालय में आनंद धाम पीठाधीश्वर स्वामी रंजीतानंद सरस्वती जी महाराज के आवाहन पर शक्ल हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई जिसने गोवंश की निर्गम हत्याओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए और सभी ने दोषियों पर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करने की बात कही है। इसके बाद सकल हिंदू समाज के द्वारा कटंगी में हुई गोवंश की हत्याओं के विरोध में आज जबेरा बंद का आवाहन करते हुए स्वामी जी स्वयं सड़कों पर उतरे और नगर के सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील करते हुए एक एक दुकानदारों से मिले जबेरा बंद का सभी दुकानदारों ने समर्थन करते हुए आज जबेरा बंद का निर्णय लिया है गोवंश की हत्याओं के आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाए जाने की मांग को जबेरा बंद की सूचना का ज्ञापन जबेरा थाना में स्वामी रंजीता नंद सरस्वती महाराज जी के नेतृत्व में सौंपा गया है जिसमें आज दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा में सुनियोजित तरीके से कटंगी गौवंश की हत्याओ के आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की जाएगी जबेरा बंद रखकर सकल हिंदू समाज अपनी नाराजगी व्यक्त करेगी तथा दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है। बंद शांतिपूर्ण तरीके से होगा और इसका उद्देश्य गौवंश की हत्याओं बढ़ती घटनाओं और हिंदू समाज की भावनाओं को न्याय दिलाना है। सकल हिंदू समाज ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता ने इस बंद का समर्थन किया है